RBL BANK
apno ka bank

आरबीएल बैंक' या 'बैंक' शब्द का अर्थ आरबीएल बैंक लिमिटेड है।

सोने के गहनों पर ऋण
आवेदन पत्र

आवेदन संख्या

आवेदन की तिथि

विवरण – (आवेदक द्वारा भरने हेतु)

मौजूदा ग्राहक के मामले में, ऋण खाता संख्या/ग्राहक आईडी

पैन नंबर **या** फॉर्म 60

ग्राहक के प्रकार : व्यक्तिगत सी. आई. एफ. आईडी

यहाँ फोटो चिपकाएँ और इस प्रकार हस्ताक्षर करें कि आपका हस्ताक्षर फोटो और फॉर्म, दोनों पर आ जाए।

टाइटल

प्रथम नाम

मध्य नाम

अंतिम नाम

विवाह पूर्व नाम (यदि कोई है)

पिता / पति का नाम

माता का नाम *

जन्म तिथि * आयु वर्ष जन्म स्थान

लिंग नागरिकता-भारतीय

वैवाहिक स्थिति आश्रितों की संख्या

योग्यता

निवास

मौजूदा पते पर निवास की अवधि (वर्षों में)

निवासी स्थिति

धर्म

ग्राहक का वर्ग

दिव्यांग व्यक्ति * (यदि हाँ, तो कृपया निर्दिष्ट करें)

मोबाइल ईमेल

आवेदक के मौजूदा निवास का पता ☐ पत्राचार हेतु पता

आवेदक के स्थायी निवास का पता ☐ पत्राचार हेतु पता

आवेदक के कार्यालय का पता ☐ पत्राचार हेतु पता

नामिती की घोषणा

गिरवी रखे गए एवं बैंक की अभिरक्षा में रखे गए सोने के आभूषण / गहनों के संबंध में नामांकन।

मैं / हम ______________________ (नाम और पता) नीचे दिए गए व्यक्ति को नामिती बनाता / बनाती हूँ / बनाते हैं, जिसे मेरी / हमारी मृत्यु की स्थिति में बैंक में गिरवी रखे गए एवं बैंक की अभिरक्षा में रखे सोने के आभूषण / गहने, जिनका विवरण नीचे दिया गया है, बकाया राशि का पूर्ण भुगतान किए जाने पर बैंक द्वारा वापस कर दिए जाएंगे। ______

नामिती व्यक्ति का नाम और पता (कृपया सुनिश्चित करें कि नामिती व्यक्ति नाबालिग नहीं हैं) ______________________ उधारकर्ता के संबंध ,यदि कोई हो ______ आयु ____ वर्ष

मैं/हम यह पुष्टि करता/करती हूँ/करते हैं कि यह नामांकन, मेरे/हमारे द्वारा किए गए किसी भी अन्य निर्णय पर प्राथमिकता रखेगा, चाहे वह वसीयतनामा के माध्यम से किया गया हो या अन्य किसी प्रकार से। नामांकित व्यक्ति को बैंक के पास गिरवी रखे गए किसी भी सोने के आभूषण या गहने को, जो बैंक की अभिरक्षा में हैं, समस्त बकाया ऋण का पूर्ण भुगतान करने के उपरांत प्राप्त करने का अधिकार होगा। मैं/हम यह भी पुष्टि करता/करती/करते हूँ कि ऐसे प्रतिप्रदान (वापसी) के बाद बैंक को पूर्णतः मुक्त और सभी उत्तरदायित्वों से विमुक्त माना जाएगा।

आवेदक के रोजगार का विवरण

व्यवसाय के प्रकार: ______

नियोजक / व्यवसाय का नाम : ______

पद : ______

मौजूदा नौकरी/व्यवसाय के वर्ष ____ नौकरी का कुल अनुभव: ____ अनुमानित वार्षिक आय ______

ऋण का विवरण

आवश्यक ऋण राशि (रु.) ______ अवधि: ______ महीने / दिन ब्याज दर: ______ (फिक्स्ड)

ब्याज भुगतान की विधी : ______

संवितरण की विधी : आरबीएल बैंक खाते में जमा करें (खाता संख्या) ______

मैं / हम आरबीएल बैंक को अधिकृत करते हैं कि वह मेरे / हमारे आरबीएल बैंक में संचालित बचत खाते से इस ऋण सुविधा के पुनर्भुगतान हेतु मूलधन, ब्याज, प्रसंस्करण शुल्क, दंडात्मक ब्याज, विलंब शुल्क तथा अन्य सभी देय राशियाँ, निर्धारित पुनर्भुगतान अनुसूची एवं सहमति शर्तों के अनुसार सीधे डेबिट कर सकता है।

ऋण लेने का उद्देश्य: (कृपया उपयुक्त विकल्प पर ✓ चिन्ह लगाएँ)

☐ कृषि विकास
☐ कृषि सबंधित विकास गतिविधि [☐ डेयरी ☐ मुर्गी पालन ☐ मधुमक्खी पालन]
☐ फसल कटाई से पहले और बाद की गतिविधियाँ (जैसे — छिड़काव, निराई, कटाई, छंटाई, ग्रेडिंग एवं अपनी कृषि उपज का परिवहन)

घोषणा (कृषि उद्देश्य के लिए)

- मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि मेरी आय कृषि आय के अतिरिक्त अन्य व्यवसायिक / व्यक्तिगत स्रोतों से भी है, तथा मैं लागू ऋण के लिए मासिक अंतराल पर ब्याज का भुगतान करने के लिए सहमत हूँ।

गैर-कृषि

☐ घर की मरामत ☐ संपत्ति अधिग्रहण ☐ ऋण का पुनर्भुगतान ☐ ऋण समेकन
☐ निजी उपयोग (चिकित्सीय उपयोग / शिक्षा / यात्रा व्यय उपयोग) ☐ बंधक मुक्ति ☐ व्यावसायिक उपयोग
☐ अन्य (यदि हाँ, तो निर्दिष्ट करें) ______)

ग्राहक के द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा (पीएसएल और इसके अंतिम उपयोग के लिए)

मैं अवगत हूँ कि इस प्रतिनिधित्व घोषणा और पुष्टि के विश्वास पर ही आरबीएल बैंक प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की श्रेणी के तहत वित्तीय सहायता के लिए मेरे ऋण आवेदन पर विचार करने के लिए सहमत हुआ है।

पहचान संबंधी विवरण

दस्तावेज़ का प्रकार ______

*दस्तावेज़ पहचान संख्या : ______ आधार संख्या : XXXXXXXX ____

दस्तावेज़ निर्गमन तिथि ______ दस्तावेज़ की वैधता समाप्ति तिथि ______

*(केवल पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य)

पते का प्रमाण (पीओए)

दस्तावेज़ का प्रकार ______

*दस्तावेज़ पहचान संख्या : ______ आधार संख्या : XXXXXXXX ____

दस्तावेज़ निर्गमन तिथि ______ दस्तावेज़ की वैधता समाप्ति तिथि ______

*(केवल पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य)

संदर्भ (रिफरेंस) विवरण

I. संदर्भ व्यक्ति का नाम :

संबंध : संपर्क नंबर :

ii. संदर्भ व्यक्ति का नाम :

संबंध : संपर्क नंबर :

ग्राहक सहमति

1. मैं / हम बैंक को अधिकृत करते हैं कि वह मेरे / हमारे द्वारा प्रदान की गई या मुझसे / हमसे संबंधित जानकारी / डेटा को बिना मेरी / हमारी किसी अतिरिक्त सहमति या प्राधिकरण के, किसी भी प्रकार से साझा , प्रकटीकरण , विनिमय या उपयोग कर सके। आरबीएल बैंक की समूह कंपनियों, सहयोगी संस्थाओं, सहायक कंपनियों, संबद्ध संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों या ऐसे किसी व्यक्ति / संस्था के साथ जिसके साथ बैंक ने या भविष्य में करने का प्रस्ताव रखा है बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले उत्पादों / सेवाओं के विपणन, प्रस्ताव या बिक्री के उद्देश्य से।

☐ हाँ ☐ नहीं,मैं अपनी जानकारी / डेटा के साझा, प्रकटीकरण, विनिमय या उपयोग के लिए सहमति नहीं देता/देती हूँ।

2. आरबीएल बैंक समय-समय पर आवेदन पत्र में आपके व्यक्तिगत विवरण का उपयोग करके आपको मार्केटिंग जानकारी भेजना चाहता है/ आरबीएल बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों, सेवाओं या प्रचार पस्तावों के बारे में सूचित करने के लिए आपसे संपर्क करना चाहता है, जो आरबीएल बैंक द्वारा स्वयं और सहयोग से या सहभागीयों/तीसरे पक्ष के साथ टाई-अप के माध्यम से पेश किए जाते हैं। नीचे अपनी प्राथमिकता देकर आप आरबीएन बैंक को एसएमएस, फोन कॉल और ईमेल के माध्यम से आपसे संपर्क करने की अनुमति देते हैं या अस्वीकार करते है।

☐ हाँ ,बैंक मुझे से संपर्क कर सकता है ☐ नहीं, बैंक मुझ से संपर्क नहीं कर सकता

3. बीमा उत्पादों के लिए सहमति

☐ मैं/हम आरबीएल बैंक दवारा पेश की गई बीमा का विकल्प चुनना चाहता/चाहती हूँ/चाहते हैं ☐ नहीं. मैं बीमा कराने के लिए सहमति नहीं देता देती हूँ

निदेशक / वरिष्ठ अधिकारी की घोषणा

बैंक के निदेशक / वरिष्ठ अधिकारी या किसी अन्य बैंक के निदेशक के साथ संबंध के बारे में ग्राहक द्वारा घोषणा।

I. मैं आरबीएल बैंक का निदेशक हूँ? ☐ हाँ ☐ नहीं

I. मैं किसी अन्य बैंक* का निदेशक हूँ? ☐ हाँ ☐ नहीं बैंक का नाम : _____

II. मैं आरबीएल बैंक का वरिष्ठ अधिकारी हूँ? ☐ हाँ ☐ नहीं

III. मैं/हम आरबीएल बैंक अथवा किसी अन्य बैंक* के निदेशक या आरबीएल बैंक के किसी वरिष्ठ अधिकारी के संबंधी हूँ/हैं। ☐ हाँ ☐ नहीं

IV. मैं/हम ऐसी संस्था/संघ/इकाई (Entity)** से संबद्ध हैं, जिसमें आरबीएल बैंक के निदेशक**, निदेशक के संबंधी** या वरिष्ठ अधिकारी के संबंधी** निदेशक, भागीदार, जमानतदार, संबंधित पक्ष ** अथवा कर्मचारी के रूप में जुड़े हों। यह संस्था ऐसी सहायक (Subsidiary) अथवा मूल/होल्डिंग कंपनी भी हो सकती है, जिसमें आरबीएल बैंक का कोई निदेशक निदेशक, प्रबंध एजेंट, प्रबंधक, कर्मचारी या जमानतदार हो,
☐ हाँ ☐ नहीं

V. मैं आरबीएल बैंक के किसी निदेशक के साथ किसी फर्म में भागीदार हूँ या आरबीएल बैंक का कोई निदेशक मेरी किसी ऋण सुविधा के लिए जमानतदार है। ☐ हाँ ☐ नहीं

* इसमें अनुसूचित सहकारी बैंकों के निदेशक, सहायक कंपनियों के निदेशक, म्यूचुअल फंड्स / वेंचर कैपिटल फंड्स के न्यासी भी शामिल हैं।

* "संस्था " में फर्म या कंपनी शामिल है। "निदेशक " में आरबीएल बैंक या किसी अन्य बैंक के निदेशक भी सम्मिलित हैं। "संबंधित पक्ष " से अभिप्राय ऐसे व्यक्ति से है, जो पर्याप्त हित रखता हो, प्रमुख शेयरधारक हो, प्रबंधक या प्रबंध एजेंट हो, अथवा नियंत्रण की स्थिति में हो।*

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं आरबीएल बैंक या किसी अन्य बैंक के निदेशक(ओं) और/या वरिष्ठ अधिकारी(ओं) से संबंधित हूँ, जैसा कि नीचे उल्लिखित है

क्रम सं.	निदेशक / वरिष्ठ अधिकारी का नाम	पद	संबंध
1			
2			

RBL BANK apno ka bank

सोने के गहनों पर ऋण

आवेदन संख्या

तिथि :

हम श्री/सुश्री _____ द्वारा सोने के गहनों पर ऋण हेतु आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हैं। यह आवेदन, आपके द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के संतोषजनक रूप से प्रस्तुत / निष्पादन के पश्चात, तथा आरबीएल बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली शर्तों एवं नियमों के अधीन, प्रक्रिया में लिया जाएगा।

शुल्क की अनुसूची

शुल्क का प्रकार	राशि (रु.)	शुल्क का प्रकार	राशि (रु.)
प्रसंस्करण शुल्क		पूर्व भुगतान शुल्क	ऋण राशि का 1% • यदि 90 दिनों की अवधि वाले ऋण को 60 दिनों के भीतर बंद किया जाता है। • यदि 180 दिनों की अवधि वाले ऋण को 90 दिनों के भीतर बंद किया जाता है। • यदि 360 दिनों की अवधि वाले ऋण को 180 दिनों के भीतर बंद किया जाता है। • यदि 720 दिनों की अवधि वाले ऋण को 180 दिनों के भीतर बंद किया जाता है।
मूल्यांकन शुल्क			
स्टैम्प ड्यूटी	वास्तविक स्थिति में	अतिदेय शुल्क / विलंब शुल्क	ब्याज / मूलधन के अतिदेय पर 2%
अंश/आंशिक भुगतान शुल्क	शून्य	कानूनी, नीलामी एवं सहवर्ती शुल्क	वास्तविक स्थिति में

ध्यान दें :

- उपर्युक्त सभी शुल्क बैंक के विवेकानुसार समय-समय पर परिवर्तित किए जा सकते हैं।
- जहाँ भी लागू हो, उपर्युक्त शुल्क करों (Taxes) से अतिरिक्त हैं।

आपका ऋण आवेदन स्वीकृत किया गया है।

कृपया ध्यान दें कि नीतिगत मानदंड आंतरिक होते हैं और एक बैंक से दूसरे बैंक के अनुसार भिन्न हो सकते हैं।

RBL BANK
apno ka bank

सोने के गहनों पर ऋण
आवेदन पत्र

स्रोत विवरण

शाखा का नाम : _____ योजना : _____ उत्पाद : **सोने के गहनों पर ऋण**

शाखा कोड : _____

☐ शाखा कर्मी ☐ कृषि बिक्री टीम
☐ सोने पर ऋण अधिकारी ☐ कनेक्टर
☐ स्पोक शाखा ☐ अन्य _____

कनेक्टर कोड (यदि लागू हो) : _____
कनेक्टर स्रोत प्रकार : BLTRF / प्रत्यक्ष
स्पोक सोल/नाम (यदि लागू हो): _____

एल.जी. कोड : _____ एल.जी. कोड : _____
एल.जी. नाम : _____ एल.जी. नाम : _____

आवेदक द्वारा घोषणा

i. मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई सभी जानकारियाँ एवं विवरण सत्य, सही और पूर्ण हैं, तथा आरबीएल बैंक लिमिटेड ("आरबीएल") से कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई या रोकी नहीं गई है। मैं/हम यह भी सहमति देते हैं कि मुझे/हमें आवश्यक वित्तीय सहायता के संबंध में बैंक द्वारा मांगे जाने पर अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज़ प्रस्तुत करेंगे। मैं/हम यह पुष्टि करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा ऋण आवेदन के साथ संलग्न किए गए वित्तीय विवरण / बैंक विवरण / स्वामित्व / विधिक दस्तावेज़ों की प्रतियाँ सत्य प्रतियाँ हैं। मैं/हम आरबीएल बैंक को यह अधिकृत करते हैं कि वह मेरे बारे में किसी भी बैंक या व्यक्ति से संदर्भ जाँच कर सकता है।

ii. मैं/हम समझते हैं कि उपर्युक्त दी गई समस्त जानकारी, बैंक द्वारा अपने विवेकाधिकार पर मुझे/हमें प्रदान की जाने वाली किसी भी सुविधा का आधार होगी। मैं/हम आगे यह सहमति देते हैं कि बैंक द्वारा दी जाने वाली कोई भी सुविधा, समय-समय पर लागू बैंक के नियमों के अधीन होगी, तथा मैं/हम उन सभी शर्तों और नियमों से बंधे रहेंगे जो ऐसी सुविधा से संबंधित हैं। मैं/हम बैंक को यह अधिकार प्रदान करते हैं कि वह लागू शुल्क, प्रभार, ब्याज आदि के लिए मेरे/हमारे ऋण खाते से राशि डेबिट कर सकता है।

iii. मैं/हम यह वचन देते हैं कि यदि मेरे/हमारे आवासीय या व्यवसायिक/नौकरी के पते या किसी अन्य ऐसी जानकारी में कोई परिवर्तन होता है, जो मेरी/हमारी ऋण पात्रता को प्रभावित कर सकती है, तो मैं/हम इसकी लिखित सूचना आरबीएल बैंक को देंगे। मैं/हम यह भी सहमति देते हैं कि पते, संपर्क विवरण या रोजगार से संबंधित किसी भी परिवर्तन की स्थिति में बैंक को समय-समय पर सूचित करेंगे तथा ऐसे परिवर्तन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अद्यतन दस्तावेज़ प्रस्तुत करेंगे।

iv. मैं/हम यह समझते हैं कि आरबीएल बैंक को मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत फोटोग्राफ्स और दस्तावेज़ों को अपने पास रखने का अधिकार है, तथा वे मुझे/हमें वापस नहीं किए जाएंगे। मैं/हम यह भी समझते हैं कि इस ऋण की स्वीकृति पूर्णतः आरबीएल बैंक के विवेक पर निर्भर है तथा इसके लिए बैंक द्वारा आवश्यक दस्तावेज़ों के निष्पादन एवं अन्य औपचारिकताओं का पालन किया जाना अनिवार्य है। मैं/हम आगे यह सहमति देते हैं कि मेरा/हमारा ऋण आरबीएल बैंक की नीतियों, नियमों एवं समय-समय पर लागू अन्य विधिक एवं विनियामक दिशा-निर्देशों के अधीन रहेगा।

v. मैं यह पुष्टि करता/करती हूँ कि मेरे/हमारे विरुद्ध कोई दिवालियापन (Bankruptcy) संबंधी कार्यवाही लंबित नहीं है तथा न ही मुझे/हमें कभी दिवालिया घोषित किया गया है।

vi. मैं/हम आरबीएल बैंक को यह अधिकृत करता/करते हैं और सहमति प्रदान करते हैं कि वह, बिना मुझे/हमें पूर्व सूचना दिए, मेरे/हमारे द्वारा आवेदन पत्र/संबंधित दस्तावेज़ों में दी गई जानकारी को, आरबीएल की अन्य शाखाओं/सहायक कंपनियों/संबद्ध संस्थाओं/क्रेडिट ब्यूरो/रेटिंग एजेंसियों/सेवा प्रदाताओं/बैंकों/वित्तीय संस्थानों/सरकारी या विनियामक प्राधिकरणों अथवा अन्य तृतीय पक्षों के साथ साझा कर सकता है यह जानकारी अपने ग्राहक को जानें (KYC) सत्यापन, ऋण जोखिम विश्लेषण या अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए साझा की जा सकती है, जिन्हें आरबीएल उपयुक्त समझे।

vii. मैं/हम यह समझते और स्वीकार करते हैं कि आरबीएल बैंक को मेरे/हमारे आवेदन को अस्वीकार करने का पूर्ण विवेकाधिकार प्राप्त है। ऐसी अस्वीकृति के लिए अथवा अस्वीकृति की सूचना देने में किसी भी प्रकार की देरी के लिए आरबीएल बैंक किसी भी प्रकार से मेरे/हमारे प्रति उत्तरदायी या दायित्वपूर्ण नहीं होगा। इस प्रकार की अस्वीकृति या सूचना में विलंब से उत्पन्न किसी भी लागत, हानि, क्षति, व्यय या अन्य परिणामों के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

viii. मैं/हम यह समझते हैं कि ऋण की अवधि, पुनर्भुगतान, ब्याज दर अथवा अन्य शर्तें ऋण प्रक्रिया के पूर्ण होने में विलंब, मुद्रा बाजार की परिस्थितियों में परिवर्तन, वैधानिक या विनियामक आवश्यकताओं में संशोधन अथवा आरबीएल बैंक के विवेकाधिकार के कारण परिवर्तित की जा सकती हैं। आरबीएल बैंक को ऋण की शर्तों की समीक्षा करने एवं उन्हें अपने अनुसार संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

ix. मैं/हम यह घोषणा करते हैं कि मैं/हम राजनीतिक रूप से संपृक्त व्यक्ति नहीं हैं, और न ही ऐसे किसी व्यक्ति से संबंधित हैं, जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर परिभाषित एवं संशोधित किया गया है।

x. मैं/हम पुष्टि करता/करते हैं कि आरबीएल बैंक ने मुझे/हमको निम्नलिखित के संबंध में सूचित किया है :

(क) ऋण पर लागू ब्याज दर, ब्याज का प्रकार तथा अन्य लागू शुल्क जैसे चेक वापसी शुल्क , पूर्व-निर्धारित तिथि से पूर्व भुगतान शुल्क , पोस्ट-डेटेड चेक स्वैपिंग शुल्क आदि।

(ख) ऋण आवेदन हेतु देय प्रसंस्करण शुल्क , जो गैर-वापसीयोग्य है, तथा इस पर लागू वस्तु एवं सेवा कर , जो शुल्क के साथ वसूल किया जाएगा।

(ग) ईएमआई / पुनर्भुगतान से संबंधित विवरण एवं देय राशि, ऋण की शर्तों एवं नियमों के माध्यम से पृथक रूप से सूचित किए जाएंगे।

xi. मैं/हम यह समझते और सहमति व्यक्त करते हैं कि यह स्थायी निर्देश ऋण की संपूर्ण अवधि तक, या तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ऋण से संबंधित सभी देय राशियाँ पूर्णतः चुका दी जाएँ और ऋण खाता बंद न हो जाए — जो भी स्थिति बाद में घटित हो।

xii. मैं/हम यह पुष्टि करते हैं कि

- नियत तिथियों पर उपरोक्त उल्लिखित खाते में पर्याप्त राशि रखी जाएगी, जिससे स्थायी निर्देश का सफल निष्पादन हो सके।
- यदि अपर्याप्त धनराशि या किसी अन्य कारणवश लेन-देन असफल होता है, तो मैं/हम ऋण अनुबंध की शर्तों के अनुसार लागू दंडात्मक शुल्क के लिए उत्तरदायी होंगे।
- यह निर्देश आरबीएल बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना न तो निरस्त किया जा सकेगा और न ही संशोधित किया जा सकेगा।
- ऐसा कोई भी निरस्तीकरण केवल तभी प्रभावी होगा जब ऋण से संबंधित सभी बकाया देयताएँ पूर्णतः चुका दी जाएँगी।

xiii. मैं/हम स्वीकार करता/करती हूँ कि यह स्थायी निर्देश मैंने/हमने अपनी इच्छा से स्वेच्छा से प्रदान किया है, तथा यदि बैंक ने सद्भावना के साथ कार्य किया है, तो इस निर्देश के क्रियान्वयन से उत्पन्न किसी भी परिणाम के लिए मैं/हम आरबीएल बैंक को उत्तरदायी नहीं ठहराएँगे।

xiv. मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि

(क) आवश्यकता पड़ने पर मैं आरबीएल बैंक को अतिरिक्त दस्तावेज़ उपलब्ध कराऊँगा/कराऊँगी।

(ख) मैं इस ऋण का उपयोग किसी भी रूप में सोना खरीदने के लिए नहीं करूँगा/करूँगी, जिसमें प्राथमिक सोना, सोने की ईंटें, सोने के आभूषण, सोने के सिक्के, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड की इकाइयाँ अथवा गोल्ड म्यूचुअल फंड की इकाइयाँ शामिल हैं।

(ग) मैं इस ऋण का उपयोग किसी भी लघु बचत साधन (जैसे किसान विकास पत्र अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र के अधिग्रहण हेतु नहीं करूँगा/करूँगी।

(घ) मैं इस ऋण का उपयोग पूंजी बाज़ार साधनों में निवेश, सट्टा, अवैध या सामाजिक रूप से अनुचित कार्यों हेतु, अथवा ऐसे नए इकाइयों में निवेश हेतु नहीं करूँगा/करूँगी जो ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों का उत्पादन या उपभोग करती हैं, या क्लोरोफ्लोरोकार्बन का उपयोग करने वाली एरोसोल इकाइयाँ हैं।

xv. मैं समझता/समझती हूँ कि ऋण स्वीकृति का निर्णय एक क्रेडिट मॉडल पर आधारित है, जिसमें मेरे क्रेडिट इतिहास, भुगतान रिकॉर्ड, बैंकिंग आदतें, व्यवसायिक स्थिरता एवं नकदी प्रवाह जैसे कारक शामिल हैं, जिनका मूल्यांकन व्यक्तिगत चर्चा एवं दस्तावेज़ों के माध्यम से किया जाता है।

xvi. मुझे/हमें बैंक या उसके किसी प्रतिनिधि द्वारा ऋण राशि, स्वीकृति प्रक्रिया या किसी रियायत/छूट के संबंध में कोई आश्वासन या वादा नहीं किया गया है। साथ ही, मैंने/हमने इस ऋण आवेदन के साथ या उसके संबंध में बैंक के किसी प्रतिनिधि या किसी तीसरे पक्ष को नकद, धारक चेक या किसी अन्य रूप में कोई भुगतान नहीं किया है।

xvii. मैं आरबीएल बैंक को अधिकृत करता/करती हूँ;

(क) मेरे/हमारे आवेदन की प्रक्रिया के दौरान मेरे/हमारे आधार संख्या का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण वैध व्यवसायिक प्रयोजनों हेतु करने के लिए।

(ख) आवश्यकता पड़ने पर मेरे आधार से संबंधित विवरण/जानकारी नियामक अथवा वैधानिक प्राधिकरणों के साथ साझा करने के लिए।

xviii. मैं/हम पुष्टि करता/करती हूँ कि मुझ पर/हम पर कोई वैधानिक या कानूनी अक्षमता नहीं है तथा मैं/हम विधिक रूप से वैध अनुबंध करने में सक्षम हैं। यदि उधारकर्ता कोई प्राकृतिक व्यक्ति है, तो वह बालिग, स्वस्थ मानसिक स्थिति वाला एवं अनुबंध करने में सक्षम है।

xix. मैं/हमारे पास ऊपर उल्लिखित ग्राहक आईडी के अतिरिक्त कोई अन्य ग्राहक आईडी नहीं है। यदि बाद में अन्य ग्राहक आईडी पाई जाती है, तो आरबीएल बैंक बिना पूर्व सूचना दिए सभी ग्राहक आईडी को एकल ग्राहक आईडी के अंतर्गत समेकित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xix. बैंक के विवेकानुसार, वह सभी ग्राहक पहचान संख्याओं को एकल ग्राहक पहचान संख्या के अंतर्गत समेकित कर सकता है, जिसके लिए मुझे/हमें पूर्व सूचना देना आवश्यक नहीं होगा।

xx. मैं/हम सहमति देता/देती हूँ कि आरबीएल बैंक समय-समय पर मेरे/हमारे आवेदन की स्थिति, खाते की गतिविधि, सेवा संबंधी कॉल (जिसमें वसूली, परामर्श और सूचनात्मक संदेश शामिल हैं), नियामक अद्यतन या उत्पाद संबंधी संदेश/कॉल मेरे/हमारे पंजीकृत मोबाइल नंबर/टेलीफोन नंबर पर भेज/कर सकता है।

xxi. मैं/हम अपनी स्वेच्छा से, अपनी इच्छा अनुसार, केवाईसी (KYC) प्रयोजनों हेतु यूआईडीएआई (UIDAI) द्वारा परिभाषित बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी प्रमाणीकरण या ऑफ़लाइन सत्यापन विधि के माध्यम से अपनी पहचान/पते की पुष्टि के लिए आरबीएल बैंक को अधिकृत करता/करती हूँ।

xxii. मैं आगे आरबीएल बैंक को अधिकृत करता/करती हूँ कि वह मेरे आधार नंबर और/या बायोमेट्रिक/जनसांख्यिकीय जानकारी का उपयोग कर यूआईडीएआई से मेरी जानकारी का सत्यापन करे। मैं समझता/समझती हूँ कि इस प्रक्रिया में आरबीएल बैंक यूआईडीएआई से डेटा प्राप्त करेगा।

xxiii. मैं/हम सहमति देता/देती हूँ कि आरबीएल बैंक मेरे/हमारे आवेदन पत्र में दिए गए पंजीकृत मोबाइल नंबर/ई-मेल पते पर केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री (CKYC) से प्राप्त सूचनाएँ एसएमएस/ई-मेल के माध्यम से भेज सके। मैं/हम यह भी सहमति देता/देती हूँ कि आरबीएल बैंक मेरे केवाईसी अभिलेख (KYC Records) को केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री (CKYCR) से डाउनलोड करके मेरी पहचान एवं पते का सत्यापन कर सके। मैं/हम समझते/समझती हूँ/हैं कि मेरे/हमारे केवाईसी अभिलेख में मेरा/हमारा नाम, पता, जन्मतिथि, पैन नंबर आदि व्यक्तिगत जानकारी शामिल है।

xxiv. (काले मनकों/ब्लैक बीड्स वाली चेन जमा करने के संबंध में घोषणा — सोने के गहनों पर ऋण हेतु)मैं/हम पुष्टि करता/करती हूँ/हैं कि मैंने/हमने काले मनकों/ब्लैक बीड्स वाली चेन तथा अन्य आभूषण बैंक में जमा कराकर सोने के गहनों पर ऋण प्राप्त किया/किया है और यह जमा मेरी/हमारी सहमति से किया गया है। यदि इस ऋण सुविधा के संबंध में डिफॉल्ट होता है, तो मैं/हम बैंक को अधिकृत/अनुमति देता/देती हूँ/हैं कि बैंक उक्त चेन व अन्य जमा आभूषणों की नीलामी कर सके, जैसा कि ऋण की शर्तों में वर्णित है; मुझे/हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

किसी भी पूछताछ या स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें।:

24 घंटे ग्राहक सेवा : +91 22 6232 7777 • ईमेल : customercare@rbl.bank.in **• वेबसाइट :** www.rbl.bank.in

RBL BANK
apno ka bank

सोने के गहनों पर ऋण आवेदन पत्र

सोने के गहनों पर ऋण हेतु घोषणा एवं नियम और शर्तें

आरबीएल बैंक लिमिटेड एक कंपनी है, जो कंपनी अधिनियम, 1913 के प्रावधानों के अंतर्गत पंजीकृत है और कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अस्तित्व में मानी जाती है (जिसे आगे "आरबीएल बैंक" कहा गया है)। ऋणकर्ता और सह-ऋणकर्ता (यदि कोई हो) (संयुक्त रूप से आगे "ऋणकर्ता" कहलाएंगे) के अनुरोध पर, आरबीएल बैंक समय-समय पर एक या एक से अधिक ऋण सुविधाएँ ("ऋण") स्वीकृत / प्रदान कर सकता है, जो आवेदन पत्र में उल्लिखित इन नियमों, शर्तों और अनुबंधों ("नियम और शर्तें") द्वारा संचालित होंगी। आरबीएल बैंक द्वारा ऋण प्रदान करने / स्वीकृत करने की सहमति के परिप्रेक्ष्य में, ऋणकर्ता बिना किसी शर्त के आरबीएल बैंक को निम्नलिखित के अनुसार अपनी स्वीकृति एवं पुष्टि प्रदान करता/करते हैं

1. इस आवेदन पत्र में दी गई सभी जानकारियाँ / विवरण सत्य और पूर्ण हैं तथा किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न तो छिपाया गया है और न ही रोका गया है। ऋणकर्ता यह स्वीकार करता/करते हैं कि आरबीएल बैंक ऋणकर्ता द्वारा प्रदान की गई किसी भी गलत या त्रुटिपूर्ण जानकारी से उत्पन्न परिणामों के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा, और ऐसी किसी भी स्थिति के लिए संपूर्ण उत्तरदायित्व केवल ऋणकर्ता का होगा। ऋणकर्ता द्वारा आरबीएल बैंक को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह आवश्यकता अनुसार और अपनी विवेकानुसार किसी भी समय ऋणकर्ता की क्रेडिट जांच कर सके। आरबीएल बैंक, अपने पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार, आवेदन पत्र में मेरे/हमारे द्वारा निर्दिष्ट प्रयोजन हेतु उतनी राशि का ऋण स्वीकृत कर सकता है जितना वह उपयुक्त समझे। मुझे/हमें प्रदान किए जाने वाले ऋण की राशि समय-समय पर आरबीएल बैंक की आंतरिक नीतियों पर निर्भर करेगी।ऋण की वह राशि, जिस पर ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, बकाया शुल्क तथा अन्य देय शुल्क सम्मिलित हों, जिन्हें मुझे/हमें बैंक को भुगतान करना है, उन्हें सामूहिक रूप से आगे "देय राशि" (Dues) कहा जाएगा।
2. ऋणकर्ता आवेदन पत्र में वर्णित सोने के गहने (जिसे आगे "सोने कि वस्तुएँ (Gold Articles)" कहा गया है) का एकमात्र और पूर्ण स्वामी है। ऋणकर्ता उक्त स्वर्ण वस्तुओं पर आरबीएल बैंक के पक्ष में प्रथम और विशिष्ट गिरवी अधिकार (first and exclusive charge) स्थापित करेगा, जिसके लिए वह इन्हें आरबीएल बैंक के पास गिरवी रूप में जमा करेगा। ये सोने कि वस्तुएँ बैंक के पास तब तक जमा रहेंगी जब तक कि ऋणकर्ता द्वारा बैंक के प्रति इस ऋण से संबंधित सभी देय राशि ("Gold Security") पूर्ण रूप से चुकता नहीं कर दी जाती। हालाँकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि सोने कि वस्तुओं में जड़े हुए रत्न या कीमती पत्थर ऋण के मूल्यांकन के उद्देश्य से नहीं आँके जाएँगे, अतः आरबीएल बैंक उनके लिए कोई मूल्य निर्धारित नहीं करेगा। इस गिरवी सुरक्षा की वैधता तब तक बनी रहेगी जब तक ऋण से संबंधित सभी देय धनराशि पूर्ण रूप से चुका दी जाए,, ऋण की सभी शर्तों का पालन कर लिया जाए तथा ऋणकर्ता द्वारा ऋण से संबंधित सभी दायित्वों का निर्वहन हो जाए। ऋणकर्ता यह पुष्टि करता/करते हैं कि बैंक के पास गिरवी के रूप में जमा की गई / की जाने वाली सोने कि वस्तुओं पर उसका स्वामित्व वैध, निर्विवाद और अप्रमाद्य है; उन पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई दावा, अधिकार, बंधक या गिरवी नहीं है। ये सोने कि वस्तुएँ ऋणकर्ता द्वारा वैध एवं वास्तविक स्रोतों से अर्जित की गई हैं, शुद्ध सोने की बनी हैं और ऋणकर्ता की वैध संपत्ति हैं।
3. उधारकर्ता यह सहमति देता/देते हैं, यह वचन देता/देते हैं और यह घोषणा करता/करते हैं कि – i) ऋण अथवा अग्रिम राशि आवेदन पत्र में उल्लिखित उद्देश्य के लिए ही स्वीकृत की गई है और इसे केवल उसी प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाएगा, किसी अन्य उद्देश्य, अवैध या सट्टा गतिविधि के लिए नहीं। उधारकर्ता यह भी सुनिश्चित करता/करते हैं कि ऋण की स्वीकृति से संबंधित सभी नियमों एवं शर्तों का पूर्णतः पालन किया जाएगा तथा उधारकर्ता को इन नियमों और शर्तों में प्रवेश करने एवं आरबीएल बैंक के पक्ष में सोने की वस्तुओं (Gold Articles) पर सुरक्षा हित (Security Interest) सृजित करने का पूर्ण कानूनी अधिकार प्राप्त है। उक्त सोने की वस्तुओं पर किसी अन्य व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का स्वामित्व, उपयोग या नियंत्रण का अधिकार वास्तविक या सशर्त रूप से नहीं है। (ii) यदि उधारकर्ता हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) का सदस्य/सदस्यगण है/हैं, तो गिरवी रखी गई सोने की वस्तुएँ उधारकर्ता की व्यक्तिगत संपत्ति का हिस्सा हैं और उक्त HUF की संयुक्त संपत्ति का हिस्सा नहीं हैं। (iii) उधारकर्ता/उधारकर्ताओं के विरुद्ध किसी न्यायालय या किसी अन्य प्राधिकरण (न्यायिक, अर्द्ध-न्यायिक या प्रशासनिक) के समक्ष ऐसा कोई वाद, कार्यवाही या मामला लंबित नहीं है जो इन नियमों एवं शर्तों के तहत उधारकर्ता की दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को प्रभावित कर सके। (iv) उधारकर्ता प्रशासनिक शुल्क, कर, डाक, कुरियर, स्टाम्प शुल्क, या अन्य शुल्क जो आरबीएल बैंक ने उधारकर्ता की ओर से अदा किए हों, उन सभी का भुगतान/प्रतिपूर्ति करेगा/करेंगे। (v) उधारकर्ता आवेदन पत्र में दिए गए अपने पते / फोन नंबर में किसी भी परिवर्तन की तत्काल सूचना आरबीएल बैंक को देगा/देंगे। (vi) उधारकर्ता यह घोषणा करता/करते हैं कि आवेदन पत्र और उसके परिशिष्टों सहित आरबीएल बैंक को प्रदान की गई सभी सूचनाएँ और आँकड़े पूर्णतः सत्य एवं सही हैं। (vii) उधारकर्ता उन सभी व्ययों, शुल्कों और खर्चों का भुगतान करेगा/करेंगे जो किसी भी प्रकार से आरबीएल बैंक द्वारा वहन किए गए हों — जिनमें यात्रा भत्ता, अन्य भत्ते, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, कर, जुर्माने या अन्य देयक शामिल हैं। यदि उधारकर्ता द्वारा ऐसे किसी शुल्क या कर का भुगतान न किया गया हो, तो आरबीएल बैंक अपनी इच्छा अनुसार (परंतु बाध्य नहीं) इनका भुगतान कर सकता है और उधारकर्ता बैंक द्वारा भुगतान की गई राशि को उसी ब्याज दर पर (जैसा डिफ़ॉल्ट किस्तों पर लागू है) मासिक आधार पर ब्याज सहित बैंक को लौटाएगा/लौटाएँगे। (viii) उधारकर्ता निरीक्षण शुल्क, प्रतिबद्धता शुल्क तथा ऋण से संबंधित सभी अन्य लागू शुल्कों का भुगतान करेगा/करेंगे। (ix) उधारकर्ता/उधारकर्ता सभी प्रकार के करों, शुल्कों, उपकरों, वस्तु एवं सेवा कर (GST) आदि का भुगतान ऋण से संबंधित लेन-देन के संदर्भ में करेगा/करेंगे।
4. उधारकर्ता ऋण वितरण की तिथि से ऋण राशि पर उस ब्याज दर, तिथियों और अवधियों के अनुसार ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा/होंगे, जैसा कि बैंक द्वारा प्रतिज्ञा पत्र में निर्दिष्ट किया गया है। यहाँ या अन्यत्र कुछ भी उल्लिखित होने के बावजूद, उधारकर्ता द्वारा देय ब्याज दर भारतीय रिज़र्व बैंक ("RBI") द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार परिवर्तन के अधीन होगी। उधारकर्ता यह भी सहमत है कि आरबीएल बैंक को अपने आंतरिक नीतिगत निर्णयों के आधार पर ब्याज दर, अतिरिक्त ब्याज दर, तथा ब्याज वसूलने की अवधि आदि में ऊपर या नीचे संशोधन करने का पूर्ण अधिकार होगा, और बैंक का यह निर्णय अंतिम एवं उधारकर्ता पर बाध्यकारी होगा। यदि बैंक द्वारा ब्याज के भुगतान की विधि, तरीका या अवधि में या ब्याज राशि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन / संशोधन किया जाता है। जिसमें धारा 7 के अनुसार स्वीकृत किसी वृद्धि के कारण उत्पन्न परिवर्तन भी शामिल है। तो उधारकर्ता बैंक की मांग पर संशोधित ईसीएस / एसआई जनादेश / पीडीसी प्रस्तुत करेगा/करेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि यदि ऋण का वितरण किसी माह की 27 तारीख के बाद किया जाता है, तो उस ऋण पर ब्याज अगले माह की 27 तारीख को तथा प्रत्येक आगामी माह की 27 तारीख को देय होगा। ब्याज / शुल्क प्रतिदिन के आधार पर संचित होंगे और इनकी गणना 360 दिनों के वर्ष तथा वास्तविक बीते हुए दिनों की संख्या के आधार पर की जाएगी।
5. यदि ऋण का पुनर्भुगतान ऋण की परिपक्वता (जहाँ ऋण की परिपक्वता का अर्थ ऋण की अवधि की समाप्ति से है) पर या ऋण की पूर्व समाप्ति (जैसा कि नीचे निर्दिष्ट किया गया है) पर देय होता है, तो ऐसी स्थिति में उधारकर्ता परिपक्वता के समय बैंक को ब्याज तथा अन्य सभी बकाया देय राशि का भुगतान करेगा/करेंगी।
6. यदि ऋण की अवधि के दौरान ब्याज का भुगतान/सेवा की जानी हो तथा मूलधन का पुनर्भुगतान ऋण की परिपक्वता पर किया जाना हो, तो उधारकर्ता ऋण अवधि के दौरान गिरवी पर्ची में निर्दिष्ट नियत तिथियों पर मूलधन पर देय ब्याज का भुगतान/पुनर्भुगतान करेगा/करेंगी। यह शर्त रहते हुए कि बैंक को यह अधिकार होगा कि वह किसी ऐसी परिस्थिति के उत्पन्न होने पर, जो बैंक की राय में ब्याज की पुनर्गणना या संशोधन आवश्यक बनाती हो, ब्याज की राशि तथा उसके भुगतान की तिथियों का पुनर्निर्धारण या संशोधन कर सके। ऐसे किसी भी संशोधन की स्थिति में, उधारकर्ता सहमत है और यह वचन देता/देती है कि वह बैंक की आवश्यकता अनुसार नए पूर्व-तिथि चेक (PDCs), चेक, स्थायी निर्देश या डेबिट प्राधिकरण जारी करेगा/करेंगी। मैं/हम यह सहमति और पुष्टि करता/करती हूँ कि ऋण एवं ब्याज के पुनर्भुगतान/भुगतान हेतु उपयुक्त ईएमआई निर्धारित करने के लिए उपर्युक्त व्यवस्था स्वीकार करता/करती हूँ।
7. बैंक अपने पूर्ण विवेकाधिकार पर और अपनी निर्धारित शर्तों जैसे पूर्व-भुगतान शुल्क आदि के अनुसार, उधारकर्ता के अनुरोध पर ऋण के पूर्व-भुगतान या शीघ्र भुगतान की अनुमति दे सकता है, बशर्ते कि बैंक समय-समय पर ऋण के पूर्व-भुगतान या शीघ्र भुगतान हेतु देय न्यूनतम राशि निर्धारित कर सकता है। यदि बैंक द्वारा अनुमति दी जाती है, तो उधारकर्ता को ऋण की संपूर्ण राशि का पूर्व-भुगतान करने के अपने इरादे की पूर्व में लिखित सूचना बैंक को देनी होगी तथा बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए पूर्व-भुगतान शुल्क का भुगतान ऋणदाता को करना होगा।
8. यदि बैंक किसी आंशिक पूर्व-भुगतान की अनुमति देता है, तो उधारकर्ता के अनुरोध पर बैंक पुनर्भुगतान अनुसूची में परिवर्तन कर सकता है और उधारकर्ता इस परिवर्तित पुनर्भुगतान अनुसूची का पालन करने के लिए सहमत रहेगा।
9. यदि सोने की वस्तुओं (Gold Security) का मूल्य आरबीएल बैंक द्वारा निर्धारित आवश्यक मार्जिन से नीचे गिर जाता है (चाहे वह सोने के बाजार मूल्य में गिरावट, ऑडिट या किसी अन्य कारण से हो), तो उधारकर्ता बैंक से सूचना प्राप्त होते ही या तो: (i) आरबीएल बैंक द्वारा माँगी गई अतिरिक्त सुरक्षा जमा करेगा, या (ii) बकाया राशि सहित, यदि लागू हो तो, पूर्व-भुगतान शुल्क का भुगतान करेगा। उधारकर्ता को बैंक की सूचना **("अल्पता सूचना (Shortfall Notice)")** की तिथि से 2 दिनों के भीतर उपरोक्त में से कोई एक कार्रवाई पूरी करनी होगी। यदि उधारकर्ता आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने या बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहता है, तो इसे इन नियमों और शर्तों के अंतर्गत **डिफ़ॉल्ट की घटना (Event of Default)** माना जाएगा और बैंक अपने एकमात्र विवेकाधिकार से, बिना किसी अतिरिक्त सूचना की आवश्यकता के, निम्नलिखित कार्यवाही कर सकता है: (i) बैंक में उधारकर्ता द्वारा रखे गए किसी भी खाते (जिसमें सावधि जमा आदि शामिल हैं) से राशि डेबिट करना, और/या (ii) ऐसे खातों से कोई भी धनराशि समायोजित करना (जिसमें सावधि जमा का समयपूर्व परिपक्वकरण शामिल है), और/या (iii) सोने की वस्तुओं को बेच देना या उसका निपटान करना, बिना किसी हानि, क्षति या मूल्य में गिरावट के लिए उत्तरदायी हुए, और प्राप्त राशि को उधारकर्ता की बकाया देय राशि के समायोजन हेतु प्रयोग करना। यह अल्पता सूचना , भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 की धारा 176 के अंतर्गत गिरवी के प्रवर्तन और सोने की वस्तुओं की बिक्री के लिए औपचारिक सूचना मानी जाएगी। उधारकर्ता इस बात से सहमत है कि यह सूचना अवधि युक्तिसंगत, पर्याप्त और उपयुक्त है।
10. उधारकर्ता यह स्वीकार करता/करती है कि ऋण की स्वीकृति तथा उसकी निरंतरता के लिए, पुनर्भुगतान अनुसूची का पूर्णतः पालन करना, बिना किसी चूक के, एक अत्यावश्यक शर्त है तथा इस लेन-देन में समय का अत्यधिक महत्व है। यदि कोई भुगतान नियत तिथि से पूर्व किया जाता है, तो ऐसे भुगतान का लेखा केवल नियत तिथि को अथवा साधन के साकार होने की तिथि में से जो भी बाद में हो, उसी दिन दिया जाएगा। यदि उधारकर्ता ऋण या ब्याज या ऋण से संबंधित किसी अन्य देय राशि के पुनर्भुगतान में चूक करता/करती है, तो वह नियत तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक अवितरित राशि पर विलंब शुल्क देने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी। यह विलंब शुल्क उन सभी अन्य शुल्कों के अतिरिक्त होगा, जिनका भुगतान उधारकर्ता को ऋण की शर्तों के अनुसार आरबीएल बैंक को करना अनिवार्य है। उधारकर्ता आरबीएल बैंक को निम्नलिखित सभी शुल्कों, करों तथा व्ययों का वहन, भुगतान तथा प्रतिपूर्ति करने के लिए बाध्य रहेगा/रहेगी—(क) चेक का अस्वीकार, चेक पुनर्प्रस्तुति , प्रशासनिक शुल्क, लागू कर तथा अधिभार , स्टांप शुल्क अथवा समय-समय पर सरकार या अन्य प्राधिकरण द्वारा लगाए गए किसी भी प्रकार के अन्य शुल्क; (ख) ऋण के आवेदन, स्वीकृति तथा पुनर्भुगतान से संबंधित सभी व्यय; (ग) ऋण की वसूली तथा ब्याज सहित उसकी प्राप्ति ; (घ) गिरवी रखे सोना के प्रवर्तन से संबंधित व्यय; (च) गिरवी रखे सोना पर बकाया सभी करों, शुल्कों या अधिभारों की निकासी ;(छ) सोने की वस्तुओं का बीमा। (ज) उधारकर्ता को मूल प्रतिज्ञा कार्ड लेकर ऋण मूलधन/ब्याज का भुगतान करना होगा तथा अंतिम भुगतान/मोचन के समय उक्त प्रतिज्ञा कार्ड आरबीएल बैंक को समर्पित करना आवश्यक होगा। (झ) मूल प्रतिज्ञा कार्ड प्रस्तुत किए बिना गिरवी रखी सोने का मोचन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रतिज्ञा कार्ड की हानि या उसके किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दुरुपयोग के लिए आरबीएल बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। (ञ) उधारकर्ता को प्रतिज्ञा कार्ड में निर्दिष्ट सभी शुल्कों का भुगतान करना होगा तथा ऐसे सभी शुल्क समय-समय पर बैंक के विवेकाधिकार के अनुसार परिवर्तित किए जा सकते हैं। (ट) उधारकर्ता की दायित्विता किसी भी प्रकार के संशोधन, परिसमापन , दिवालियापन , पुनर्गठन अथवा किसी समान प्रक्रिया, या उधारकर्ता के दिवालिया/अदायगी-अक्षम होने की स्थिति में समाप्त या प्रभावित नहीं होगी। यह दायित्व पूर्ण प्रभाव में यथावत रहेगा तथा उधारकर्ता के उत्तराधिकारी पर बाध्यकारी होगा।

11. एसएमए/एनपीए वर्गीकरण:
उधारकर्ता खातों का एसएमए तथा एनपीए के रूप में वर्गीकरण संबंधित तिथि के दिनांत प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। एसएमए/एनपीए की तिथि उस खाते की परिसंपत्ति वर्गीकरण स्थिति को उस कैलेंडर तिथि के दिनांत में प्रदर्शित करेगी।

ऋण पुनर्समाधान सुविधाओं को छोड़कर:	
एसएमए उप-श्रेणियाँ	वर्गीकरण का आधार – मूलधन, ब्याज भुगतान या कोई अन्य राशि पूर्ण या आंशिक रूप से बकाया
एसएमए - 0	30 दिनों तक बकाया
एसएमए - 1	30 दिनों से अधिक तथा 60 दिनों तक बकाया
एसएमए - 2	60 दिनों से अधिक तथा 90 दिनों तक बकाया
एनपीए	90 दिनों से अधिक बकाया

उदाहरण

यदि किसी ऋण खाते की नियत तिथि 31 मार्च, 2021 है, और इस तिथि से पूर्व पूर्ण देय राशि प्राप्त नहीं होती है, तो 31 मार्च, 2021 को वह खाता बकाया माना जाएगा। यदि यह खाता लगातार बकाया रहता है, तो यह 30 अप्रैल, 2021 को, अर्थात 30 दिन तक निरंतर बकाया रहने के पश्चात, एसएमए-1 के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। अतः उस खाते के लिए एसएमए-1 वर्गीकरण की तिथि 30 अप्रैल, 2021 मानी जाएगी। इसी प्रकार, यदि खाता आगे भी बकाया रहता है, तो उसे 30 मई, 2021 को एसएमए-2 तथा निरंतर बकाया रहने पर 29 जून, 2021 को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

एनपीए खातों का उन्नयन : ऐसे उधारकर्ता खाता/खातों, जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है, को केवल तभी 'मानक परिसंपत्ति ' के रूप में उन्नत किया जाएगा जब उधारकर्ता द्वारा संपूर्ण बकाया ब्याज एवं मूलधन राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया हो।

उधारकर्ता यह पुष्टि एवं घोषणा करता/करती है कि उसने उपर्युक्त प्रावधानों को पूर्ण रूप से समझ लिया है और सहमत है कि उसके खाते के वर्गीकरण के लिए उपर्युक्त दिशा-निर्देश ही प्रभावी एवं बाध्यकारी रहेंगे।

12. ऋण राशि का वितरण उधारकर्ता को सभी प्रारंभिक भुगतानों जैसे प्रशासनिक शुल्क , प्रीमियम, लेन-देन/प्रोसेसिंग शुल्क , अग्रिम ब्याज आदि की कटौती के पश्चात शुद्ध रूप से किया जाएगा। आरबीएल बैंक अपने विवेकाधिकार पर ऋण राशि का वितरण नकद रूप में अथवा आरबीएल बैंक खाते के माध्यम से कर सकता है। इन नियमों एवं शर्तों से सहमति प्रदान करने पर, उधारकर्ता द्वारा ऋण प्राप्ति की पुष्टि मानी जाएगी।यदि ऋण राशि का वितरण चेक, पे ऑर्डर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (NEFT / RTGS / IMPS) के द्वारा किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में ऋण वितरण की तिथि वही मानी जाएगी जिस दिन चेक या पे ऑर्डर जारी किया गया हो, अथवा NEFT/RTGS/IMPS लेन-देन की वास्तविक तिथि हो, जैसा लागू हो। उधारकर्ता द्वारा आरबीएल बैंक को यह अधिकृत किया जाता है कि वह आवेदन पत्र में उल्लिखित विवरणों के अनुसार RTGS / NEFT / IMPS लेन-देन सम्पन्न करे। उधारकर्ता यह समझता/समझती है कि RTGS / NEFT / IMPS अनुरोध भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अधीन होगा। उधारकर्ता यह भी स्वीकार करता/करती है कि यदि उधारकर्ता द्वारा प्रदान किए गए विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि या अशुद्धि पाई जाती है, तो उससे उत्पन्न किसी भी परिणाम के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

13. आरबीएल बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने का अर्थ यह नहीं है कि बैंक ने उधारकर्ता द्वारा गिरवी रखी गई सोने की वस्तुओं की शुद्धता या गुणवत्ता को प्रमाणित या स्वीकृत किया है। यदि आरबीएल बैंक यह पाता है कि गिरवी रखी गई सोने की वस्तुएँ बैंक द्वारा ऋण हेतु निर्धारित आवश्यक गुणवत्ता या शुद्धता मानकों को पूरा नहीं करती हैं या वे नकली / संदिग्ध प्रकृति की हैं, तो उधारकर्ता आरबीएल बैंक के ऐसे निष्कर्षों से बाध्य रहेगा/रहेगी और बैंक को हुई हानि की पूर्ति करने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी। यदि उधारकर्ता द्वारा हानि की पूर्ति नहीं की जाती है, तो आरबीएल बैंक को ऐसी हानि की वसूली के लिए उचित कानूनी कार्यवाही आरंभ करने का अधिकार रहेगा।

